# कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांक : ननिको/दक्षिण/निर्माण/2023/ 384–405 दिनांक : 26/06/2023

ई-निविदा सूचना संख्या : 15 /2023–24

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के **"A", "AA"** श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट **www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त कर सकेंगे।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) 03.07.23 से 10.07.23 तक
- निविदा अपलोड करने की तिथि 03.07.23 से 10.07.23 तक
- निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि 11.07.23 (कार्यालय समय तक)
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि 12.07.23 (प्रातः 11.00 बजे)
- वित्तीय बिड खोलने की तिथि तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनु.लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0.50% | 2.0% | | | |
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण वार्ड न. 20, 42, 43 में नाला सफाई का कार्य। | 3.05 | 1525/- | 6100/- | 500/- | 500/- | 1 माह |

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक/फर्मों द्वारा जमा की जाने वाली टेण्डर फीस एवं धरोहर राशि के डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस **(MD RISL)** जयपुर के नाम देय होगी। उक्त निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. नियत समय में जमा कराया जाना होगा। संवेदक निविदा से संबंधित निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. इत्यादि फर्म के नाम से बनवाये।
2. कार्य के विलम्ब की स्थिति में गुणावगुण के आधार पर अनुबन्ध में निहित अधिकतम दर तक शास्ती लगाई जा सकेगी।
3. संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होंगे एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा।
4. संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबधित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता को सूचित करेगा एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।
5. संवेदक द्वारा किये जाने वाले कार्यो के दौरान यदि किसी भी राजकीय भूमि का उपयोग अपने संसाधन रखने या अन्य कार्यों में उपयोग में लेता है तो नियमानुसार बिल में से कटौती की जावेगी।
6. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनो की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
7. संवेदक द्वारा कार्यो में नियोजित श्रमिको का कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत पंजीयन करना तथा पी.एफ. एवं ई.एस.आई. करा कर संबंधित विभाग (ई.पी.एफ.ओ.) से अदेयता प्रमाण पत्र कार्य के अन्तिम बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा।
8. कार्य सम्पादन प्रतिभूति/सुरक्षा निधि की वापसी अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार होगी।
9. संवेदक द्वारा निष्पादित किये जाने वाले अनुबन्ध में यह तथ्य भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा कि पी.एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
10. वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 अनुसार आर.टी.पी.पी. नियम 2013 **Additional Performance Security** के लिये नियम 75 ए जोड़ा गया है। **Work Performance Guarantee** के रूप में कार्य आदेश जारी करने से पूर्व ली जावेगी तथा इसे कार्य के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात् निर्धारण दोष निवारण अवधि के उपरान्त कार्य की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही संवेदक को रिफन्ड की जावेगी।
11. तकनिकी बिड खोलने की तिथि पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।
12. सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया आरटीपीपी एक्ट 2012 एवं नियम 2013 के अधीन होगी।
13. संवेदक को तकनिकी बिड में पी.एफ. एवं ई.एस.आई के रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करनी होगी।
14. वर्ष 2023 में ई.पी.एफ. विभाग में नवीन पंजीकृत फर्मो को यह शपथ पत्र देना होगा कि वर्ष 2023–24 की ई.पी.एफ. विभाग से इन्सपेक्शन/ऑडिट रिपोर्ट अंतिम बिल के साथ प्रस्तुत कर दी जावेगी। वर्ष 2021–22 एवं उससे पूर्व पंजीकृत फर्मो को ई.पी.एफ.

...में आवेदन कर उसकी प्रति तथा शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि ऑडिट/इन्सपेक्शन अंतिम बिल के साथ प्रस्तुत कर दी जावेगी।

15 नगरीय विकास एवं आवासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.01(24)नविवि/A/2020 लूज जयपुर दिनांक 20.09.2021 अनुसार विकास कार्यो की निविदाओं में संवेदको द्वारा बी.एस.आर. दर से कम डालने पर अन्तर राशि (AT PAR की दर से जितनी कम है) वर्क परफोरमेंस गारन्टी के रूप में कार्यादेश जारी होने से पूर्व जमा करानी होगी।

16 अनुबन्ध करने में असमर्थ रहने अथवा कार्य करने में असमर्थ रहने पर नियमो के अन्तर्गत आपकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर नगर निगम को कार्य करने का/जमा योग्य अर्नेस्ट मनी की शास्ती लगाने की कार्यवाही करने का नगर निगम को अधिकार सुरक्षित रहेगा।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2023/384-405
दिनांक : 26/06/2023

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. महापौर महोदय, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. अध्यक्ष महोदय (निर्माण समिति) नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त, महोदय (I, II) नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. मुख्य अभियन्ता, नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण)।
9. अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
11. अधिशाषी अभियन्ता (खण्ड–II) नगर निगम कोटा दक्षिण।
12. सहायक लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
13. समस्त अनुभागाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
14. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल अनुभाग) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
15. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा दक्षिण को वास्ते ........................ समाचार–पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
16. निजी सहायक (महापौर महोदय) नगर निगम कोटा दक्षिण।
17. कम्प्यूटर प्रोग्रामर (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
18. निजी सहायक (अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता I/II//प्रभारी, हेल्पलाईन/स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी/आई.टी सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, कोटा/कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन) नगर निगम कोटा दक्षिण।
19. ई– गर्वेनेन्स, नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण)
20. नोटिस सूचना बोर्ड, निर्माण अनुभाग, नगर निगम कोटा दक्षिण।
21. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा दक्षिण।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण